भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 319**

मंगलवार, 20 जुलाई, 2021/29 आषाढ़, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**आंध्र प्रदेश में पर्यटन का विकास**

319. **श्री वि. विजयसाई रेड्डी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पर्यटन के लिए भीमिली-भोगापुरम सड़क का विकास करने के आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी प्रस्ताव की जानकारी है;

(ख) क्या सरकार की पूर्वी घाट में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ग) क्या सरकार का उत्तर-आंध्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता का संवर्धन करने के लिए पर्यटन केंद्रों के विकास का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(**क): जी**,** नहीं महोदय । इस विषय पर पर्यटन मंत्रालय को आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ हैं।

(ख) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन का दायित्व है। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार को अपनी स्वदेश दर्शन, तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजनाओं के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों (यूटी) के प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को उनके परामर्श से पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है और अपनी चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में, आंध्र प्रदेश सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, भारत और विदेशों में स्थित भारतपर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार गतिविधियों का संचालन करते हैं।

*****

**अनुबंध**

आंध्र प्रदेश में पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 20.07.2021 के राज्य सभा लिखित प्रश्न संख्या 319 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना**

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रूपए में)**

| क्रम संख्या | **राज्य / संघ शासित प्रदेश** | **परिपथ का नाम** | परियोजना का नाम | स्वीकृत **धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| | | **वर्ष 2014-15** | | |
| **1.** | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | काकीनाडा में परिपथ का विकास – होप आइलैंड – कोरिंगा वन्य जीव अभयारण्य - पसारलापुडी – अड्डरू . दक्षिणी यनम – कोटिपल्लींयाजुना | 67.84 |
| | | **वर्ष 2015-16** | | |
| **2.** | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ | नेल्लूरू, पुलिकट झील, उब्बालमदुगु जल प्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडू बीच, रामतीर्थम का विकास । | 49.55 |
| | | **वर्ष 2017-18** | | |
| **3.** | आंध्र प्रदेश | बोद्ध परिपथ | आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम-थोटलाकोंडा – बावीकोंडा – बोज्जनाकोंडा – अमरावती – अनुपु का विकास | 24.14 |

**प्रशाद योजना**

**आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रूपए में)**

| **क्र. संख्या** | **राज्य/ संघ शासित प्रदेश** | **परियोजनाओं की संख्या** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति का वर्ष** | **अनुमोदित लागत** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | चल रही परियोजनाओं की सूची | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती शहर, गुंटूर जिले का पर्यटन गंतव्य के रूप में विकास ** | 2015-16 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास ** | 2017-18 | 47.45 |

** परियोजना का भौतिक निष्पादन पूर्ण हो गया है ।

*****